तबाही से तकलीफ होती है न तुझे! तो ले! देख तबाही का ऐसा मंजर जिसे देखकर तेरा दिमाग भी फट पड़ेगा!
ओफ्! पता नहीं यह इसका जादू है या पहले से फिट असली बमों का धमाका!
पर एक बात सच है! इनसे मुझे बेइंतहा तकलीफ हो रही है!
इसे रोकना होगा!

असंभव कुछ भी नहीं होता। तुम्हारी जबान खुलवाना भी नहीं।...
और न ही इन तारों को अपने ईशारे पर चलाना। तुम तो ऐसा कर भी चुके हो। तुम्हारे लिए तो यकीन करना आसान होगा!
वैसे... इन तारों में...
...करेंट अभी भी दौड़ रहा है।
याआईई
अब बताओ! कौन हैं हंटर्स? क्यों चाहिए उन्हें वह कंटेनर?
मैं... मैंऽऽ... मेरा सिर! मैं बेहोश हो रहा हूं!
चट्
बेहोश मत हो अभी! वह मैं तुम्हें बाद में कर दूंगा! अभी जवाब दो!
चुटकी की गूंज खत्म होने के साथ-साथ चारों तरफ फैला जलजला शांत हो गया।
य...यह क्या था? मैं तो बीला तक नहीं हूं! यानि मैं जो देख रहा था वह भ्रम था। तू... तू मुझ पर उल्टा वशीकरण चला रहा था!!
पर कैसे?
ग्रेट मैजीशियन पाशा की ट्रेनिंग मुझे तुमने ही याद दिलाई है!
जब तेरा दिमाग मेरे दिमाग से जुड़ा हुआ था तो वार दोनों तरफ से हो सकता है न!

पाशा! पाशा गुरू??
तुम.. पाशा को जानते हो? कौन हो तुम? कौन हैं हंटर्स?
हंटर्स वे हैं, जो शिकार का पीछा तभी छोड़ते हैं जब शिकार की जान उसे छोड़ दे!...
पाशा की ट्रेनिंग का ज़िक्र करके अच्छा किया तूने!
अब मैं तुझ पर ऐसा वार करूंगा जिसकी काट तू सीख ही नहीं सकता!
हंटर्स का एक ही नियम है। शिकार की जबान खुलवाओ।
और अगर जबान न खुले तो उसका सीना खोल दो!
ओफ्! दो-दो गिलीगिली!
दो नहीं, चार!
छः!
आठ!
दस!!
आऽऽह! पता नहीं यह सम्मोहन है या मैजीशियन ट्रिक या कुछ और इससे निपटने का एक ही तरीका मुझे समझ आ रहा है।

मुझे अपनी आंखों को बंद करना पड़ेगा!
तभी मैं इसके भ्रमजाल से उबर...
अरे! यह बॉक्स!!
इसे तो वह लड़की... चंडिका देकर गई थी!
क्या है इस बॉक्स में?
ओफ्! इसमें किसी पेड़ की जड़ है। और इसमें से तेज महक आ रही है...
महक के फैलते ही धुंध होने लगी और-
अरे! बिलीगिली लड़खड़ा रहा है!!
और इसके प्रतिरूप गायब हो रहे हैं।
य...यह तो दुर्लभ 'सलग्राही वट' की महक जड़ है! मुझे इससे एलर्जी है! मेरी... मेरी सांस उखड़ जाती है इसकी महक से!
पर.. यह अत्यंत गुप्त बात... चंडिका कैसे जान सकती है?
बिलीगिली को यह क्या हो रहा है?
इसे वापस बुलाओ। अगर यह ध्रुव के हाथों में पड़ गया तो गजब हो जाएगा।

अगले ही पल-
मिस्टर ध्रुव!
आइए, इंस्पेक्टर साहब! हमेशा की तरह आप दो सेकेंड लेट आए हैं।
हम आए नहीं हैं, ध्रुव, लाए गए हैं।
बड़ा ढूंढना पड़ा तुम्हें!
यह कोर्ट नोटिस तुम्हें तुरंत सर्व करने का ऑर्डर है।
नोटिस! कैसा नोटिस?
ये हमारे क्लाइंट हैं, मिस्टर जॉनाथन स्टोन!
अरे! यह... तो गया। इसके पीछे चिड़ियों को भेजना पड़ेगा।
चीचीची!
इन्होंने आपकी सारी प्रॉपर्टी पर अपना दावा पेश किया है। वह प्रॉपर्टी जो आपने जुपिटर सर्कस के इंश्योरेंस क्लैम के 50 लाख रूपए से बनाई है।
वह तो लीगल था। उसमें मेरा नाम बेनिफीशियरी के तौर पर शामिल था।
जो कि जैकब ने किया था।

हां! पर ये मिस्टर स्टोन दावा किस आधार पर कर रहे हैं?
क्योंकि जैकब मेरा बाप था। वह मेरी मां का छोड़कर भाग गया था!
हमें उसकी सारी संपत्ति चाहिए!

जुपिटर शर्कस मेरे बाप के पैसे से बना। उस पर मिलने वाले किसी भी मुआवजे पर मेरा हक है। मेरा! सिर्फ मेरा!


अच्छा! पर जैकब अंकल ने तो कभी तुम्हारा जिक्र नहीं किया।
भगोड़ा था वह। जिक्र कैसे करता?
क्या सुबूत है तुम्हारे पास कि तुम जैकब अंकल के बेटे हो?
हम बताते हैं। इनके पास पुरानी फोटोग्राफ्स हैं। और हमने इनका D.N.A. मैच भी किया है।
शुरूआती जांच में D.N.A. मैच करता पाया गया है। उसी के आधार पर कोर्ट ने हमको यह स्टे दिया है।

D.N.A.! जैकब अंकल का D.N.A. कहां से आया?

आप जब फ्रांस गए थे, तब उस घटना के ठीक पहले जैकब अस्पताल में भर्ती थे।
हमें वहां से उनकी D.N.A. रिपोर्ट मिल गई है।
उनकी अंगुलियों के निशान जल जाने के कारण पुलिस ने उनके सैंपल D.N.A. के लिए भेजे थे, पहचान करने के लिए।
आज से फैसला आने तक आपका न आपकी किसी चीज पर हक है और न जुपिटर सर्कस की किसी चीज पर!
जांच पूरी होने तक सभी चीजें कोर्ट की कस्टडी में रहेंगी, हमारे पास!
और इन चीजों में आपका घर, सामान सब कुछ शामिल है।
आप जो कंटेनर यहां पर लेने आए हैं वह भी जुपिटर सर्कस की संपत्ति है।
कोर्ट का फैसला आने तक आप उसे छू भी नहीं सकते। लीजिए साईन कीजिए।
शुक्र मनाइए कि हम यहां पर आपके ब्रेसलेट और बेल्ट नहीं उतरवा रहे हैं।
ये भी जैकब के..
गलत! यही तो मेरी इकलौती कमाई हैं।
मेरे प्यार की कमाई हैं ये, मेरी बहन ने पहनाए हैं ये मुझे!
दुनिया के किसी कानून में ऐसी ताकत नहीं है कि इन्हें मेरी कलाई से उतरवा सके।
देखते हैं। अभी तो कोर्ट से सिर्फ स्टे मिला है! दो दिनों बाद सुनवाई है केस की!
पहुंच जरूर जाना राजनगर मेन कोर्ट में।

जिस इंसान का रास्ता तूफान भी नहीं रोक पाए थे, उसे कागजों की कैद ने बांध लिया था!
अब यह स्टोन वाला एंगल क्या है? यह इतने सालों बाद एकाएक कहां से टपक पड़ा?
क्या यह कंटेनर मुझसे दूर रखने का आखिरी मोहरा था? क्योंकि मुझे सिर्फ एक ही चीज रोक सकती है।
कानून!
CALLING
RICHA
MOBILE
और अब उसके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं बची थी।
"ध्रुव! कहां हो तुम? जल्दी अस्पताल पहुंचो। आंटी को अभी-अभी अस्पताल लाए हैं। ... एक्सीडेंट हो गया है उनका!... हैलो... हैलो! तुम सुन रहे हो न?.. हैलो!!

ममी का एक्सीडेंट! यह संयोग नहीं हो सकता! और फिर... डॉकयार्ड पर चंडिका का आना कैसे संभव है, जबकि श्वेता अभी बेड से उठ भी नहीं सकती!
"...तो वह चंडिका बनी लड़की थी कौन?"
यह..म..मैं कहां हूं? और तुम... तुम कौन हो?
कमाल है। तुम मुझे नहीं पहचानती? मैं चंडिका हूं! ध्रुव की दोस्त! तुम तो जानती हो मुझे।
तू चंडिका नहीं हो सकती! अच्छी तरह जानती हूं मैं उसे! तू उसका कोई रेकेंड हैंड एडिशन है।
सवाल ये है कि तुम कौन हो? ध्रुव की दोस्त या दुश्मन से भी बदतर दोस्त! याद करो!
मैं तो ध्रुव की मदद करने वहां गई थी। पर तेरा क्या मकसद है? तू खुद बता कि तू कौन है?
जवाब दे चुकी हूं मैं!
वैसे तुम ध्रुव की मदद करने ही आई थीं, ताकि वह हार न जाए! उसके हारने से तुम्हें कुछ नुकसान होना तय था शायद!
HIGH QALITI RAJ COMICS KE LIYE
http://rajecomicsworld.blogspot.in/
http://rajecomicsworld.blogspot.in/
तुम बिलीगिली को पहले से जानती थीं। उलूक को भी जानती थीं। और यह भी जानती थीं कि वे हंटर्स हैं।
और हंटर्स का जीतना मतलब तुम्हारा हारना है। सच है न?
काफी जानती हो तुम! फिर यह तो जरूर जानती होंगी...

...कि मैं रोबो की बेटी हूं! रोबो की लेजर आई जैसी लेजर रिंग पहनती हूं!

और सच है कि रोबो आर्मी हंटर्स के बारे में जानती है! हां, कभी हमारी मुलाकात नहीं हुई!
पर इस मुलाकात को बेकार नहीं जाने दूंगी। तुम्हारा तो मैं पूरा अता-पता लेकर ही जाऊंगी।


"देखूं तो कि यह गिद्ध की आंख वाली चंडिका आखिर है कौन?"
तुम जिंदगी में पहली बार असफल हुए हो गिलीगिली!
मानता हूं! पर मुझे अधूरी जानकारी दी गई थी! किसी ने मुझे यह नहीं बताया कि ध्रुव को पाशा ने ट्रेन किया है।
हम जानते हैं। पर वह ट्रेनिंग नहीं, सिर्फ तीन-चार सेशंस थे! बताने लायक बात नहीं थी। उतने में कोई कुछ नहीं सीख सकता।

आप क्या जानों कि उसने मुझे क्या-क्या दिखाया है!! उसने जो भी सीखा है, भूला नहीं है!!
लेकिन मैं फिर भी उससे निपट सकता था। कंटेनर का नंबर भी जान सकता था। अगर वह चंडिका बीच में न आती तो!

"वह जानती थी कि मुझे दुनिया में सिर्फ एक चीज से एलर्जी है। दुर्लभ सलग्राही पेड़ की जड़ से! वह यह बात कैसे जानती थी?"
यह बात तू महंत महाराज को जरूर बताना शायद वे तेरी जान बख्श दें। घंटे भर में हम वहां पहुंच जाएंगे। फिर तुझे या वैद्यराज देखेंगे या मौत!
रुकजा! और... और हम्फ्... मत दौड़ा!
बस! अब उफ्.. और नहीं!
यह कैसी बलि है? कौन सा तरीका है यह?
मैंने कहा न, बस! क्षमा कर!
तू नया है न! वक्र कुमार सबको बराबर का मौका देते हैं।

"हां, तो सांड को बराबरी का मौका दिया जा रहा है न!"
"और वक्र को निहत्था मत समझो!"
"उसे महंत महाराज ने दो साल की उम्र से ही तपाना शुरू कर दिया था! उसको जो ट्रेनिंग दी गई है वह बस पूछो नहीं..."
यह कौन सा बराबरी का मौका है कवच पहने शिकारी सांड के आगे एक निहत्था युवक!
"साक्षात मौत सामने टिक पाए तो टिक पाए।"
कड़ाक

"वर्ना पशु-इंसान के बस की बात तो है नहीं।"
कुमार वक्र की जय हो!
बांऽऽऽ
आ ऽह
नहींऽऽऽ!
अब बलि संपन्न हुई।

तू ठीक है न, वक्र? घाव गहरा है?
हां, बाबा! गहरा तो है!...
लेकिन वैद्य बाबा की कृपा से...
घाव कुछ पलों में...
...भर जाएगा।
लो, बाबा! मां भी आ गई मंदिर से पूजा करके।
रहा नहीं गया? तुम बाप-बेटे ने बेजुबान जानवर की बलि दे ही डाली।
कब बंद करोगे इस क्रूर प्रथा को? अब आरती लेकर कुछ तो पाप कम करो अपने!

और सुन लो! बचपन से ही मेरे लाख रोकने के बाद तुमने बेटे को अपने जैसा तो बना लिया, पर आज के बाद यहां कभी बलि नहीं दी जाएगी।
बोलो शिव! शिव! शिव!
तेरी मां तेरे युद्ध कला सीखने के खिलाफ कतई नहीं है। डरती है शायद कि बेटे को खो दूंगी।
हां! और बार-बार हेलीकॉप्टर लेकर दूर पहाड़ी मंदिर जाने की क्या जरूरत है उन्हें?
हेलीकॉप्टर के बगैर कितना काम अटक जाता है! यहीं कहीं पास के मंदिर में चली जाया करें।
शीऽऽऽ! यह आस्था की बात है, बेटे। और वह मंदिर अपने बेटे की रक्षा के लिए ही तो जाती है।
मठेश, जय हो! आपके लिए फोन है...
"यूक्रेन से..."
आपका काम हो जाएगा जनरल!
कब हो जाएगा? जब यहां की सरकार हमें ढूंढकर कुत्ते की मौत मार देगी।
भूलना मत, हटर्स!...


HUNTERS
हमारी गुप्त दुनिया का हर एक आदमी जानता है कि यह कॉंट्रेक्ट हंटर्स का है।
कॉंट्रेक्ट पूरा करो, या हंटर्स खुद शिकार होने के लिए तैयार रहें।
हमारी दुनिया में सब मिलता है। सिवाय माफी के।
आपका काम दो दिनों में हो जाएगा। हम इस बार टॉप हंटर्स को भेजेंगे!

दुनिया में निगरानी वाले यंत्र बहुत तरक्की कर गए हैं।
दीवान से बात कराओ। वह उस फॉर्मूले तक पहुंचा या नहीं। अब तो वह बिलीबिली की मदद ले रहा है। सफल हुआ ही होगा।
बगैर 'लुप्त विलयन' के बारे में पूरी जानकारी जुटाए कोई भी काम करना मुश्किल हो रहा है।


मठेश! उस फॉर्मूले का एकमात्र सूत्र वह कंटेनर है।
पर बिलीबिली, ध्रुव का सामना करने के बावजूद उसके दिमाग से उस कंटेनर का नंबर नहीं निकलवा पाया।
अभी तो वह बात करने की हालत में भी नहीं है। हुआ यह कि...
दीवान बताता गया...

...और मठेश की त्यौरियां चढ़ने लगीं।
भीतरघात हो रहा है हमारे साथ। कोई हमारे शिकारों को एलर्ट भेज रहा है। पता करना होगा उसका?
लेकिन उससे पहले हमें कंटेनर का पता चाहिए! जो अब तक रहस्य बना हुआ है।
रहस्य खुल चुका है!
कंटेनर का पता मिल चुका है।
मिल गया। पर कैसे?
मेरा अपना प्लान अलग चल रहा था बाबा!
और अब मैं खुद जाऊंगा उस कंटेनर को लेने!
समय कम है। हम किसी और ऑपरेटिव पर भरोसा नहीं कर सकते!
पर... तुम्हें कंटेनर का पता चला कैसे?


"जबान जवाब नहीं देती, दिमाग देता है! उस पर जरा सा जोर डालो तो दबे संतरे के रस की तरह सारी जानकारी फुहार बनकर बाहर आ जाती है। ध्रुव के दिमाग पर जोर डाला मैंने।"
"मैंने ही दीवान को मैसेज भेजा था कि गिलीगिली को ध्रुव का सामना करने के लिए भेजे!"
"मुझे पता था उलूक और फिर गिलीगिली से टकराने के बाद ध्रुव खतरे की तीव्रता को भांप जाएगा; और कंटेनर जहां पर भी होगा, उसकी सुरक्षा का इंतजाम जरूर करेगा।"
"और वर्तमान परिस्थिति में वह सुरक्षा केवल कमांडो फोर्स के जरिए ही हो सकती है! कमांडो फोर्स पर मेरी नजर गड़ी थी।..."
"और मेरी जानकारी के अनुसार वे इस वक्त मॉरीशस से राजनगर आने वाली कंटेनर शिप अलजजीरा की तरफ बढ़ रहे हैं।"
"अब कंटेनर और उसके अंदर की हर एक चीज..."

"हंटर्स की है!"
अच्छा हुआ तुम आ गए। मुझे तुमसे एक बहुत जरूरी बात करनी है। तुमसे मिलने...
बाद में, रिचा! पहले मुझे मम्मी को देखना है वे ठीक तो हैं?
हां! आंटी मंदिर गई थीं। आते वक्त एक्सीडेंट हुआ है!
पुलिस के अनुसार खानपुर मोड़ के पास हाइवे पर हुई थी दुर्घटना। वह तो अच्छा हुआ कि वे S.U.V. में थीं वर्ना...
खानपुर मोड़! S.U.V. कौन सी? किस रंग की?
पता नहीं! वैसे तो मम्मी हमेशा नीली बोलेरो में जाती हैं।
और नंबर है RNO3A2547!
हां! तुम्हें कैसे पता?
क्योंकि शायद मैं जानती हूं कि यह एक्सीडेंट किसने करवाया है!
ब्लैक कैट तुमसे मिलने यहां आई थी। पुलिस के कारण रुकी नहीं।
क्या हुआ मम्मी को? अच्छा किया आपने मुझे बुला लिया।
हमने तुम्हें रजनी की हालत बताने के लिए यहां नहीं बुलाया। कुछ और बताने के लिए बुलाया है।

एक्सीडेंट के पहले रजनी फोन पर मुझसे बात कर रही थी। गाड़ी में कोई दूसरी औरत भी थी। जो रजनी के अनुसार उसे खानपुर मोड़ पर बेहोश मिली थी और वह...
तुम्हारी मां राधा थी!
क्या?
ड्राईवर से हुई मामूली हाथापाई के दौरान उसकी त्वचा का एक छोटा सा टुकड़ा ड्राइवर के नाखून में रह गया था। उसे मैंने अर्जेंट D.N.A. मैचिंग के लिए भेज दिया है।
अब जरूरत है तुम्हारे D.N.A. सैंपल की, जिससे उस D.N.A. को मैच करके संशय की स्थिति को खत्म किया जा सके।
रजनी की देखभाल के लिए यहां पर मैं और डॉक्टर हैं! तुम D.N.A. सैंपल देकर जा सकते हो!
ठी...ठीक है, पा... कमिश्नर सर!

शुक्र है भगवान का कि मम्मी को ज्यादा चोटें नहीं आई हैं। श्वेता कैसी है अब?
श्वेता ठीक है। लेकिन हुआ क्या है? कॉल पर भी तुम श्वेता के बारे में पूछ रहे थे।
और चंडिका का श्वेता से क्या लेना देना?
मुझे अभी रिचा पर श्वेता और चंडिका के संबंध की बात को जाहिर नहीं करना चाहिए।
यार्ड पर मैं हंटर्स द्वारा भेजे गए जिस शख्स से लड़ रहा था चंडिका उसकी कमजोरी जानती थी। अगर चंडिका उसकी कमजोरी जानती है तो वह हंटर्स के बारे में भी जानती होगी और चंडिका से संपर्क करने का तरीका श्वेता ही बता सकती है।
पर श्वेता अभी उठ नहीं सकती। उसे तीन ड्रिप्स लगी हुई हैं।
खैर! तुम ब्लैक कैट के बारे में कुछ कह रही थीं।
हां! ब्लैक कैट तुम्हें ढूंढते हुए यहां आई थी। तुम थे नहीं तो मुझे तुम्हें बताने के लिए कह गई। उसने बताया कि...
रिचा, ध्रुव को पूरी बात बताती चली गई! और ध्रुव का दिमाग उड़ता चला गया।
मम्मी के हिसाब से वह औरत मेरी मां राधा थी।
और तुम्हारे अनुसार उसके साथ जैकब और किंग थे!
मेरे नहीं ब्लैक कैट के अनुसार और वह सिर्फ अंदाजा लगा रही थी।
तो चलो! D.N.A. सैंपल देकर मैं जैकब अंकल की तलाश में वहीं जाता हूं। उन्हीं से मिलेंगे सारे जवाब!
सिवाय... एक जवाब के...

...कि वह चंडिका हंटर्स का राज कैसे जानती है।
बता, तू है कौन?
बताया न! चंडिका! ध्रुव की दोस्त!
ठीक है। तेरा मास्क जलाकर मैं खुद तेरा चेहरा देखूंगी।
आऊ! ओह नो!
मेरा मास्क जलाने का विचार अभी तुम्हें त्यागना होगा।
ओह नोऽऽऽ! मेरी लेजर पर फोम!
...मैं पहले तेरी खाल खींचूंगी...
...और फिर तेरा मास्क!
नताशा! रुको...


...रुक जाओ। मैं हूं, मैं!!
ट्विस्टी, तू! तू... क्या कर रही है? बांधा क्यों था मुझे?
चेक करना था कि तुम गिलीगिली के असर से बाहर आ गई हो या नहीं! तुम्हें गिलीगिली से बचाकर लाई हूं यहां पर! यह तुम्हारी ही तो हाइडआऊट है!
ह...हां! मैं ध्रुव की मदद करने गई थी। फिर क्या हुआ?
यह तो याद है न कि तुमने वहां जाने से पहले मुझसे उस जादूगर की छानबीन करने को कहा था!
गिलीगिली की डिटेल और कोई कमजोरी ढूंढने को कहा था।
तू वही जानकारी लेकर आई थी क्या?
अरे! तीस साल पुराने डाटा में जाकर, न जाने कितने सिक्योरिटी ब्लॉक्स और फायरवॉल के पीछे यह जानकारी मिली। और वह भी थोड़ी सी!
बस, उसकी एक एलर्जी पता चल पाई! किसी बूटी में थी! किस्मत से वह बूटी भी फटाफट मिल गई! बस फिर मैंने वहां पहुंचकर पहले आपको बचाया और फिर...
तुझे चंडिका की ड्रेस कहां से मिल गई?
मैं वहां से जड़ी लेने निकल ही रही थी कि तभी मेरे पास आपने राजनगर कोर्ट के कॉंटैक्टस का फोन आया।

उन्होंने बताया कि ध्रुव की सारी चल-अचल संपत्ति पर दावा ठोंक दिया गया है। ध्रुव की संपत्ति सील हो गई है। वह अपने घर तक नहीं जा सकता।
मैंने सोचा कि खबर में सच्चाई कम लगती है। इसीलिए मैं वहां से सीधे ध्रुव के घर की तरफ चली गई।
"उसके पास तो न घर है न घाट।"
तो तुम उस बुद्धू रिचा की बात मान कर यहां आ ही गए। काफी करीबी रिश्ता लगता है तुम्हारा उस लड़की के साथ?
तुमने कैसे मान लिया कि वह सच बोल रही है। यह तुम्हें फंसाने के लिए दुश्मन की कोई चाल भी हो सकती थी।
खबर सही निकली!
पर वहां पहुंचते ही हाथ लपक की बुरी आदत जाग गई! सोचा आई हूं तो एक-दो यादगार तो ले चलूं!
चंडिका की एक ड्रेस वहां मिली। पर्स बनी हुई। ड्रेस पता नहीं वहां थी क्यों और छिपा कर क्यों रखी थी? बस, मैं वही पहन कर आ पहुंची। मजे का मजा हो गया और मेरा राज का राज रह गया।
हो सकती थी! पर रिचा की बातों में मुझे सच्चाई लगी इसलिए मैं यहां आया।
लेकिन तुम यहां क्यों आई हो? मुझे तुम्हारी मदद की जरूरत नहीं है!
तुम्हें मेरी जरूरत पड़ेगी ही, क्योंकि उस औरत को सिर्फ मैंने देखा है।
पर उस गिलीगिली का क्या हुआ? ध्रुव बच पाया?
ध्रुव को मैंने एक हिंट के साथ जड़ी की डिबिया तो दे दी थी। बच ही गया होगा।
पर बेचारा बच भी गया तो जाएगा कहां?...

HIGH QALITI RAJ COMICS KE LIYE
http://rajecomicsworld.blogspot.in/
http://rajecomicsworld.blogspot.in/

ये चेहरा तो जाना पहचाना सा लगता है। इसकी कद-काठी...ओ माई गॉड! यह... ये तो हर्कुलिस हैं!!
हर्कुलिस कौन?
हर्कुलिस! जुपिटर सर्कस का स्ट्रांगमैन! जो माथे की टक्कर से पूरी दीवार तोड़ देता था।
मुझे ताकत के राज इन्हीं ने सिखाए हैं! शिक्षक थे ये मेरे!
पर ये... जुपिटर सर्कस की आग से बचे कैसे? और बचे भी तो इतने सालों से यहां जंगल में क्या कर रहे हैं?

मैं तो सोच रही हूं कि यह मंदिर कॉम्प्लैक्स जंगल में क्या कर रहा है?
और अगर गोरिल्ला जैकब को लेकर यहीं आया है तो क्यों?
क्या है यहां पर?
यह तो अंदर जाकर ही पता चलेगा! और अंदर जाना...
वर्जित है!
हर्कुलिस, क्या हुआ है तुम्हें? मुझे पहचानो। मैं ध्रुव...

ध्रुव! तुम्हारा शिष्य! तुम्हारा दुश्मन नहीं हूं मैं!

झटाक
आऊ! वही दम! वही जोर! वही फुर्ती! पता नहीं मैं उठ भी पाऊंगा या नहीं।

ये जॉम्बी हो चुके हैं! तुम्हारी कोई बात समझ नहीं पाएंगे।
बचना है तो इन पर वार करो। हटाओ इन्हें रास्ते से।
कैसे वार करूं? गुरू हैं ये मेरे। और मौका भी तो मिलना चाहिए। इन्हें हराना संभव नहीं लगता।
सुनो। मैं इन्हें उलझाता हूं। तुम अंदर जाकर चैक करो!

ठीक है! पर जान को बचाकर रखना!
मर गए तो गुरु-भक्ति किसी काम नहीं आएगी।
वैसे भी, मुझे जिस जगह पर पहुंचना था, शायद वह यहीं है।
जब से हंटर्स के बारे में सुना है, तबसे मैं इसी पल का इंतजार कर रही थी। उनके ठिकाने तक पहुंचने का!
और अगर वाकई यह हंटर्स का ठिकाना है, या उनके कई ठिकानों में से एक है तो यहां की सुरक्षा सिर्फ हर्कुलिस के जिम्मे नहीं होगी!
और मेरी कैट इंस्टिंक्ट कभी गलत नहीं होतीं!
ये अनुभवी जंगल फाईटर्स हैं। इनसे निपटना आसान नहीं होगा!
और मेरे पास इनसे निपटने के लिए वक्त भी नहीं है, अंदर और भी बड़े खतरे हो सकते हैं।
इसीलिए इनसे लड़ने में समय व्यर्थ करने से अच्छा यहां से भागना है।
पर क्या ये मेरा पीछा छोड़ेंगे?

अरे! ये तो रुक रहे हैं। इनके चेहरे पर एकाएक डर उभर आया है!
और उसका कारण मैं तो नहीं हो सकती!
ओ माई गॉड!
किंग! इसने मुझे खुद ही ढूंढ लिया।
और इसके एक्सप्रेशन्स बता रहे हैं कि यह मेरे लिए कोई खुश होने वाली बात नहीं है।

पूरे प्रांगण को हिला डाला था उस गुर्राहट ने!
ओह! यह गोरिल्ले की चिंघाड़ है।
यानि किंग यहीं है। और उसे ब्लैक कैट का आना पसंद नहीं आ रहा है।
और किंग, ब्लैक कैट के साथ कुछ भी कर सकता है। ओफ्। यह बात मुझे पहले क्यों नहीं सूझी।
मुझे अंदर जाना होगा। जल्दी।
पर जाऊं तो जाऊं कैसे?
जॉम्बी हर्कुलिस मुझे जाने नहीं देगा।
स्टारलाइन से बांधूं तो भी तोड़ देगा! इसे तो बस यह खुद ही पीट सकता है...
यस! खुद ही!! एक प्लान आया तो है दिमाग में।
बस यह तरीका कारगर सिद्ध हो!
बिजली की सी फुर्ती से ध्रुव ने अपने स्केट्स खोले...
और उन्हें हर्कुलिस के पैरों में फिट कर दिया।
हो गया!

HIGH QALITI RAJ COMICS KE LIYE
http://rajecomicsworld.blogspot.in/
http://rajecomicsworld.blogspot.in/

और हम इसका नशा उतरने तक इंतजार नहीं कर सकते!
इसका नशा उतारने का कुछ और तरीका निकालना होगा।
गर्र्र्र्र्र्र्र्र
पता नहीं मेरे स्केट्स हर्कुलिस को कब तक उलझा कर रख पाएंगे!
यहां आदि-वासियों का भी पहरा है। फिलहाल वे गोरिल्ले के डर से छुपे हुए हैं!
वे भी किसी भी पल धमक सकते हैं।
तब तो एक रास्ता है। वह रास्ता जो नशा उतारने का नंबर वन रास्ता है।
और वह है... नहलाना!
ठंडा हो गया यह।
गर्र्र्र्र्र्र्र्र
गर्र्र
गरर
गर
र
यह सच में शांत हो रहा है!!
शांत हो जाओ किंग मैं तुम पर हमला नहीं कर रहा। मैं तुम्हारा दोस्त हूं, ध्रुव!
शुक्र है।...

"अब यही हमें जैकब अंकल तक भी ले चलेगा। पर अब तक कोई आदिवासी नजर क्यों नहीं आया?"
जैकब अंकल बेहोश हैं। इनके पास से भी दवा की भीनी महक आ रही है! अब हमें इनके होश में आने का इंतजार करना पड़ेगा!
और तब तक हम उस रहस्यमय महिला की तलाश करते हैं, जिसकी शक्ल मेरी मां जैसी है।
अगर उसने जैकब अंकल को बचाया है तो उसे भी आसपास ही होना चाहिए!
वह तो आसपास नहीं है! लेकिन उसकी पहचान यहां पर है!
यहीं पर!...
यह देखो! वह औरत यही पहने हुई थी।
य... यह कैप तो मां की है। सर्दियों में अक्सर वे यही कैप लगाती थीं।
और.. और ये पट्टियां...! इनमें.. से तो...


...मां की महक आ रही है!!
य... अंहऽऽ.. महक तो मैं...कभी भूल नहीं सकता।

बक्से में और क्या है?
ये भी लगते तो मां के ही हैं!!
एक दो कपड़े और हैं।
बक्सा आग से काला जरूर हो गया है पर पहचाना सा लग रहा है।
इसे भी साथ ले चलते हैं!
पर उससे पहले मंदिर में उस रहस्यमय महिला को तलाश करते हैं!

कपड़ों में तुम्हारी मां की महक? मतलब वह औरत जो यह लपेटे थी वह तुम्हारी ...
इस...इसका कोई मतलब नहीं है।

किंग मॉरीशस में जैकब अंकल से बिछुड़ गया था। कोई बोट उन्हें लेकर भागी थी पीछा करते-करते बोट गायब हो गई और यह दूसरी शिप में छुपकर चढ़ गया और जंगल के किनारे आ उतरा। फिर यही महक सूंघकर यहां पहुंच गया।

पूरा मंदिर प्रांगण छान मारा! ना वह महिला मिली और ना ही आदिवासियों का कोई निशान!
हर्कुलिस भी लापता हैं! सिर्फ मेरे स्केट्स हैं यहां पर!
शायद आदिवासी उन्हें यहां से ले गए हैं!

तुम्हें यहां पर रुकना चाहिए। वह औरत वापस आ सकती है।
जब आदिवासी और हर्कुलिस भी गायब हैं तो वह वापस शायद ही आएं!
वैसे भी अंकल जैकब को यहां रखना या छोड़ना खतरनाक लग रहा है मुझे!
भूलो मत कि यह दुश्मन का गढ़ है।
ठीक है। पर जैकब पर हमला करने वाले अभी भी हमारी पहुंच से दूर हैं।
ऐसे में इन्हें अस्पताल पहुंचाना तक खतरनाक है। इन्हें तुम ले कहां जाओगे?

मैं नहीं, तुम!
मैं जानता हूं कि तुम्हारे कुछ गुप्त हाइड आउट्स हैं
हम्म! पर तुम्हें तो किसी पर भी भरोसा नहीं है। मुझ पर भी नहीं।

तुम्हारा भी कोई मकसद है जरूर! और वह जैकब अंकल को नुक्सान पहुंचाकर पूरा नहीं होगा!
इतना मुझे अंदाजा है।
ओऽऽऽऽ के! और इनके दुश्मनों से मैं कैसे निपटूंगी, यह भी अंदाजा लगा के बता दो।

उसकी चिंता मत करो। किंग, अंकल जैकब की गंध को ढूंढता वहीं पर गया था जहां अंकल के दुश्मन हैं।
मैं इसके साथ वहीं जा रहा हूं!
जब तक तुम...ओ!
पिंग पिंग
करीम की कॉलर-टोन है। कंटेनर शिप में गया था वह!

बोलो करीम! क्या रिपोर्ट है?
गड़बड़ है, कैप्टेन!
तुमने जिस वकील के बारे में बताया था वह पूरी पुलिस फोर्स के साथ शिप पर आ धमका है।
वह कोर्ट का ऑर्डर दिखा कर कंटेनर को बाकी कंटेनर्स से अलग करा रहा है।
तुम राजनगर तट से कितनी दूर हो?
करीब बीस नॉटिकल माईल्स! अभी शिप की स्पीड स्लो है। आधा घंटा लगेगा कम से कम!
MAURITIUS II
कुछ भी हो जाए करीम! उन्हें कंटेनर खोलने मत देना।
पर हम इन्हें रोकेंगे कैसे?
दिमाग लगाओ अपना!
एक मिनट, कैप्टेन!
एक और आदमी आया है यहां पर! कैसे आया यह पता नहीं!
पर वह भी वकील को एक कोर्ट ऑर्डर दिखा रहा है! कह रहा है कि कंटेनर उसका है।
एक और दावेदार!

अब... वह कंटेनर की तरफ कूद रहा है।
यह आतंकवादी है। जानबूझ कर कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने आया है।
अपना काम करो, सिपाहियों! तुम्हें स्पष्ट आदेश हैं। कंटेनरों के पास आने वाले को हर हालत में रोका जाना चाहिए।
अरे! सिपाहियों ने तो उस दावेदार पर गोली चला दी!!
पर... उसकी फुर्ती लाजवाब है।
ऐसा लगता है, जैसे...जैसे वह गोलियों को मोशन में देख रहा हो?
वह गोलियों को बड़े आराम से अपने 'आर्मगार्ड' से परावर्तित कर रहा है।
पर...पर गोलियों की तादाद ज्यादा है, कैप्टेन!
उसे दो गोलियां पसलियों में लगी हैं।वह नीचे गिर रहा है।
पर...पर इसके घाव तो भर रहे हैं। गोलियां अपने आप बाहर गिर रही हैं।

अब... अब वह...
ओ गॉड! इतनी तेजी। इतनी फुर्ती!
पूरी बात बताओ, करीम! जल्दी!
उसने... बीस फुट की दूरी एक सेकेंड में तय कर ली! अब... अब वह...
...पुलिस वालों पर हमला कर रहा है।
कमाल का फाईटर है, कैप्टेन! ज्यूजुत्सू के ऐसे दांव तो मैंने कभी नहीं देखे!
पुलिस वालों की कई-कई हड्डियां टूट चुकी हैं। वकील की खोपड़ी खुल गई है।

और...और... दूर से एक हेलीकॉप्टर इधर आ रहा है। प्राइवेट है। जरूर इसी का होगा हम क्या करें, कैप्टेन?
उसे रोककर रखो। कैसे भी! उसे कंटेनर हासिल मत करने देना! किसी भी कीमत पर!
मैं आ रहा हूं!
प्लान में चेंज है, ब्लैक कैट! मैं शिप पर जा रहा हूं! अब किंग भी तुम्हारे साथ जाएगा।
कोई बड़ा हाइडआऊट ढूंढ लो।
यह तो पहले से ही अपने नेचुरल घर में है। खैर! तुम शिप पर इतनी जल्दी पहुंचोगे कैसे?
तुम्हारे पास मोटर बोट तो क्या, लकड़ी की नाव तक नहीं है।
अन्ना की सिखाई खास सीटी मुझे अभी तक याद है! मुझे लोहे या लकड़ी की शिप की जरूरत नहीं है।

"बस उम्मीद करता हूं कि मैंने कमांडो फोर्स को जो ट्रेनिंग दी है, वह पर्याप्त हो!"
रुक जाओ! इस कंटेनर को हाथ लगाने की कोशिश मत करना!
ओऽऽ! कमांडो फोर्स! तुम्हें ही ढूंढ रहा था, धन्यवाद करने के लिए!
अरे! यानी हम तुम्हें नहीं जानते पर तुम हमें जानते हो!
लेकिन धन्यवाद किस लिए?
वक्र को यहां तक पहुंचाने के लिए! यानी... मुझे!
बस तुम पर नजर रखी और तुम मुझे यहां तक ले आए!
अच्छा किया वर्ना इंटेरोगेशन करने के लिए ध्रुव तुम्हें कहां-कहां ढूंढता?
तुम भूल गए कि ऐसी शिप के लिए मर्चेंट नेवी गार्ड भी होते हैं।
और इनके पास हार्पून गन हैं। गोलियां नहीं जो तुम पर असर न करें। कंटेनर से दूर हट जाओ!
कंटेनर सुपर कमांडो ध्रुव के नाम का है और कोर्ट के ऑर्डर के अनुसार अभी यह कोर्ट की कस्टडी में है।
यह किसे दिया जाएगा इसका फैसला...
ध्रुव! वह भी आएगा तो जरूर! लेकिन उसका इंतजाम तो पहले ही हो चुका है।
और तुम्हारा भी।

"...शिप के राजनगर पोर्ट पहुंचने के बाद ही होगा।"
ओह! पापा की कॉल! मम्मी की तबियत ठीक तो है न!!
हां, पापा! अ...कमिश्नर सर!
तुम्हारे D.N.A. मैचिंग की अनऑफीशियल रिपोर्ट आ गई है।
रजनी को जिस औरत की वजह से अस्पताल में आना पड़ा है...
...वह तुम्हारी मां, राधा है। D.N.A. परफेक्ट मैच है।
अपनी जिंदगी की लड़ाई के लिए जा रहे ध्रुव को हर खबर और कमजोर बनाती जा रही है। कहां है राधा? कौन है वक्र और वह क्या राज है जो जैकब के सीने में दफन है? क्या है ध्रुव के जीवन की सच्चाई। बताएंगी उसकी यादें, जो जिंदगी और मौत के बीच में उस क्षेत्र में बस रही हैं, जिसे कहते हैं...
नो मैन्स लैण्ड

क्रमशः

धड़कनें बंद हो चुकी हैं। रक्त संचार थमने लगा है! अब शुरू होगा जिंदगी से मौत तक का सफर और इसके लिए हर इंसान पार करता है एक रहस्यमय क्षेत्र, जिसमें रहती हैं उस इंसान की सबसे पुरानी यादें, उसका बालचरित!
यह इलाका न जिंदगी का होता है और न मौत का! यह कहलाता है...
सुपर कमांडो ध्रुव
नो मैन्स लैण्ड
पर कहते हैं कोई विरला इस इलाके से लौट भी आता है!...
राज कॉमिक्स में ध्रुव की 'ओरीजिन सीरीज' का एक 'यूटर्न' शाहकार!